<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 02.12.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्य में 1 करोड़ 61 लाख 55 हजार 740 मतदाताओं की पैतृक मैपिंग संपन्न, 12 लाख संदिग्ध प्रविष्टियां चिन्हित, समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ प्रशिक्षण पर दिया जोर।
- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोहरदगा में आयोजित जन चौपाल में की स्वदेशी अपनाने की अपील, कहा– झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त और सरकार संसाधनों की लूट में व्यस्त।
- पीएम–किसान योजना के तहत किसानों को अब तक 21 किस्तों में चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की दी गई सहायता, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा – वित्तीय सहायता से लाभान्वित हो रहे किसान।
- जेपीएससी से चयनित 35 अधिकारियों का बुनियादी प्रशिक्षण झारखंड पुलिस अकादमी में हुआ शुरू, पूर्व डीजीपी ने संवेदनशीलता, अनुशासन और मीडिया समन्वय पर दिया मार्गदर्शन।
- राज्यव्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत विभिन्न जिलों में कार्रवाई जारी, चाईबासा में महिला तस्कर से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद, गुमला में 5 लोग गिरफ्तार।

***************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य में 1 करोड़ 61 लाख 55 हजार 740 मतदाताओं का विगत एसआईआर सूची से पैतृक मैपिंग पूरा कर लिया गया है और 12 लाख अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। ईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने अन्य राज्यों से आए मतदाताओं की मैपिंग संबंधित सीईओ वेबसाइट और ईसीआई पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ को प्रशिक्षण और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हुए पैतृक मैपिंग को प्राथमिकता दी जाए ताकि एसआईआर के दौरान कोई योग्य मतदाता सूची से न छूटे।

***************

पश्चिमी सिंहभूम ज़िले में सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा और नागरिक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

लोहरदगा के किस्को प्रखंड में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और सरकार खनिजों और अन्य संसाधनों की लूट में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपराध, लूट, अपहरण की घटनाएं बढ़ी हैं, जबकि पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाय अवैध वसूली और बालू पकड़ने में लगी है। श्री मरांडी ने स्वदेशी अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देशवासी देश में निर्मित वस्तुओं को खरीदेंगे।

***************

कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में शुरू किए गए मीडिया टैलेंट हंट कार्यक्रम के तहत सरायकेला–खरसावां जिले में भी ऐसे युवाओं को जोड़ा जाएगा जो मीडिया के माध्यम से पार्टी की विचारधारा और भावनाओं को प्रभावी रूप से रख सकें। सरायकेला में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रमंडलीय मीडिया कन्वीनर अख्तर अली ने कहा कि यह

अभियान कांग्रेस संगठन को मजबूती देगा और लोकतांत्रिक तथा गांधीवादी विचारों को आगे बढ़ाने वाले युवाओं की पहचान कर उन्हें फ्रंट फुट पर लाने का प्रयास है।

***************

केन्द्र सरकार ने पीएम–किसान योजना की शुरुआत से अब तक 21 किस्तों के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया है। यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे 2019 में कृषि योग्य भूमि वाले किसानों की वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए शुरू किया गया था। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

***************

आज लोकसभा प्रश्नकाल के दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना–मनरेगा के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 68 हजार तीन सौ 93 दशमलव छह सात करोड़ रुपये जारी किए हैं।

श्री सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मजदूरी के लिए 57 हजार आठ सौ 53 करोड 62 लाख रुपये और प्रशासनिक कार्यों के लिए लगभग 10 हजार पाँच सौ 40 करोड रुपये आवंटित किए गए हैं।

***************

आईआईटी आईएसएम धनबाद कल से अपने शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत कर रहा है, जिसके तहत 9 दिसंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उद्‌घाटन सत्र में पीएमओ के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा मुख्य अतिथि होंगे। निदेशक प्रो. डॉ. सुकुमार मिश्रा ने बताया कि 1926 में स्थापित यह संस्थान अब आधुनिक इंजीनियरिंग, एआई, ऊर्जा विज्ञान और रोबोटिक्स का अग्रणी केंद्र बन चुका है।

***************

झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 28 डीएसपी सहित विभिन्न सेवाओं के कुल 35 पदाधिकारियों का बुनियादी प्रशिक्षण आज से हजारीबाग के झारखंड पुलिस अकादमी में शुरू हो गया। प्रशिक्षण के पहले दिन सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक आर.के. मल्लिक ने संगोष्ठी में पुलिस सेवा की संवेदनशीलता, निष्पक्षता और मीडिया से समन्वय की आवश्यकता पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

साउंड बाइट – आर.के. मल्लिक ऑन पुलिस प्रशिक्षण – 28 सेकेंड

वहीं अकादमी के निदेशक अखिलेश कुमार झा ने प्रशिक्षुओं को अनुशासन, तत्परता और ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण पूर्ण करने की सलाह दी।

***************

गुमला ज़िले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक युवती और तीन युवकों को 85 ग्राम मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि गुमला पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध जिले में व्यापक स्तर पर अभियान जारी रखेगी।

***************

इधर चाईबासा पुलिस ने भी नशा विरोधी अभियान के तहत सदर थाना क्षेत्र से एक 50 वर्षीय महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 161 पैकेट मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद किया है। सदर एसडीपीओ बहामन टूटी ने बताया कि महिला को गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम ने पकड़ा और वो पूर्व में भी इस कारोबार के मामले में जेल जा चुकी है ।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ के तनिष्क कुमार और अदिति कुमारी का चयन राष्ट्रीय जूनियर शतरंज प्रतियोगिता 2025 के लिए किया गया है, जो 16 से 24 दिसंबर तक जमशेदपुर में आयोजित होगी। जिला संघ के अध्यक्ष मुकुंद रुंगटा ने दोनों खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और मुख्य प्रशिक्षक मनीष कुमार के मार्गदर्शन की सराहना की।

*******समाप्त********